**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1461**
**(12 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

## डीडीयू-जीकेवाई के अन्तर्गत न्यूनतम प्लेसमेंट दर

**1461. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने उस उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है जिसके लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू जीकेवाई) शुरू की गई थी और यदि हां , तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इन केंद्रों में कुल कितने युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया और कितनों को रोजगार मिला;
(ग) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य केंद्रों के लिए आवंटित धन का उपयोग किया है; और
(घ) उक्त अवधि के दौरान वास्तविक प्लेसमेंट दर सहित डीडीयू-जीकेवाई में दी गई न्यूनतम प्लेसमेंट दर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

**(क):** दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) एक सतत योजना है और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके ग्रामीण गरीब युवाओं को रोजगार योग्य बनाने के अपने उद्देश्य को प्राप्त कर रही है तथा इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुशल युवाओं की एक अच्छी संख्या राज्य द्वारा अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी के बराबर या उससे अधिक नियमित मासिक मजदूरी

वाली नौकरियां प्राप्त कर रही है। पिछले पांच वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान उपलब्धि का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

**(ख)**: डीडीयूजीकेवाई के तहत  पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान प्रशिक्षित और नियोजित किए गए अभ्यर्थियों की संख्या निम्नलिखित है:

| वित्तीय वर्ष | प्रशिक्षित | नियोजित |
|---|---|---|
| 2020-21 | 38,289 | 49,563 |
| 2021-22 | 97,006 | 45,612 |
| 2022-23 | 229,024 | 142,136 |
| 2023-24 (माह अक्टूबर 2023 तक | 120,554 | 52,058 |

**(ग)**:  डीडीयू-जीकेवाई नियोजन से जुड़ी एक मांग आधारित योजना है। पिछले पांच वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान डीडीयू-जीकेवाई योजना के लिए आवंटित कुल निधियों और इस योजना के अंतर्गत सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी/उपयोग की गई कुल निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

(रु लाख में)

| वित्तीय वर्ष | आवंटित निधियाँ (बीई) | जारी निधियाँ (रु लाख में) |
|---|---|---|
| 2018-19 | 121530.64 | 121528.94 |
| 2019-20 | 187217.28 | 187197.65 |
| 2020-21 | 107685.20 | 107666.72 |
| 2021-22 | 2189.11 | 1304.28 |
| 2022-23 | 9405.05 | 9283.83 |

**(घ)**:  डीडीयू-जीकेवाई के तहत न्यूनतम नियोजन प्रतिशत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का  70% है। विगत पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की तुलना में नियोजन दर का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध-I में** दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा में दिनांक 12.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1461 के भाग (क) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**डीडीयू-जीकेवाई के तहत पिछले पांच वर्षों में से प्रत्येक के दौरान नियोजन दर सहित प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का राज्य-वार विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य | वित्तीय वर्ष 18-19 | | | वित्तीय वर्ष 19-20 | | | वित्तीय वर्ष 20-21 | | | वित्तीय वर्ष 21-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रशिक्षित | नियोजित | नियोजन दर | प्रशिक्षित | नियोजित | नियोजन दर | प्रशिक्षित | नियोजित | नियोजन दर | प्रशिक्षित | नियोजित | नियोजन दर |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 26384 | 24894 | 94.4 | 15933 | 10795 | 67.8 | 4156 | 2177 | 52.4 | 1606 | 2135 | 132.9 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | - | - | - | 84 | 0 | 0.0 | 28 | 33 | 117.9 | 233 | 71 | 30.5 |
| 3 | असम | 16725 | 7397 | 44.2 | 11993 | 13862 | 115.6 | 1966 | 3296 | 167.7 | 3553 | 916 | 25.8 |
| 4 | बिहार | 10729 | 5815 | 54.2 | 14301 | 5916 | 41.4 | 2687 | 2745 | 102.2 | 7099 | 2491 | 35.1 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 7206 | 2583 | 35.8 | 9798 | 3842 | 39.2 | 1109 | 3683 | 332.1 | 6499 | 2883 | 44.4 |
| 6 | गुजरात | 5190 | 1482 | 28.6 | 3084 | 2249 | 72.9 | 240 | 875 | 364.6 | 830 | 599 | 72.2 |
| 7 | हरियाणा | 1712 | 3329 | 194.5 | 1948 | 6013 | 308.7 | 26 | 1213 | 4665.4 | 1772 | 680 | 38.4 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 2845 | 427 | 15.0 | 1980 | 1073 | 54.2 | 0 | 117 | | 334 | 10 | 3.0 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 4283 | 689 | 16.1 | 10516 | 1319 | 12.5 | 3454 | 1945 | 56.3 | 2300 | 1102 | 47.9 |
| 10 | झारखंड | 9668 | 3585 | 37.1 | 1286 | 8224 | 63.9 | 1050 | 1879 | 179.0 | 4035 | 1354 | 33.6 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | | | | | | |
| 11 | कर्नाटक | 7895 | 5411 | 68.5 | 5797 | 7226 | 124.7 | 769 | 1649 | 214.4 | 1442 | 673 | 46.7 |
| 12 | केरल | 13736 | 9656 | 70.3 | 12812 | 8390 | 65.5 | 3053 | 2931 | 96.0 | 3219 | 1097 | 34.1 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 9442 | 4443 | 47.1 | 10433 | 7348 | 70.4 | 903 | 969 | 107.3 | 6825 | 3977 | 58.3 |
| 14 | महाराष्ट्र | 19321 | 4500 | 23.3 | 13521 | 12765 | 94.4 | 874 | 3319 | 379.7 | 348 | 1612 | 463.2 |
| 15 | मणिपुर | 598 | 0 | 0.0 | 1780 | 573 | 32.2 | 338 | 387 | 114.5 | 811 | 139 | 17.1 |
| 16 | मेघालय | 829 | 253 | 30.5 | 1518 | 686 | 45.2 | 83 | 158 | 190.4 | 456 | 241 | 52.9 |
| 17 | मिजोरम | 157 | 0 | 0.0 | 554 | 359 | 64.8 | 37 | 88 | 237.8 | 105 | 94 | 89.5 |
| 18 | नागालैंड | 301 | 0 | 0.0 | 1220 | 403 | 33.0 | 221 | 278 | 125.8 | 1009 | 614 | 60.9 |
| 19 | ओडिशा | 41545 | 31237 | 75.2 | 43278 | 30607 | 70.7 | 7978 | 7729 | 96.9 | 10474 | 4828 | 46.1 |
| 20 | पंजाब | 2787 | 1443 | 51.8 | 2002 | 1311 | 65.5 | 2922 | 1931 | 66.1 | 6976 | 4188 | 60.0 |
| 21 | राजस्थान | 10217 | 3380 | 33.1 | 14530 | 4692 | 32.3 | 981 | 1759 | 179.3 | 3096 | 3130 | 101.1 |
| 22 | सिक्किम | 64 | 64 | 100.0 | 462 | 32 | 6.9 | 0 | 43 | | 90 | 0 | 0.0 |
| 23 | तमिल नाडु | 3151 | 185 | 5.9 | 9685 | 3324 | 34.3 | 213 | 1286 | 603.8 | 8228 | 2941 | 35.7 |
| 24 | तेलंगाना | 16827 | 15604 | 92.7 | 9731 | 6839 | 70.3 | 2752 | 1436 | 52.2 | 3177 | 2494 | 78.5 |
| 25 | त्रिपुरा | 1816 | 2082 | 114.6 | 1407 | 524 | 37.2 | 21 | 609 | 2900.0 | 1049 | 193 | 18.4 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 18284 | 4839 | 26.5 | 24895 | 7341 | 29.5 | 1540 | 4068 | 264.2 | 16898 | 3765 | 22.3 |
| 27 | उत्तराखं | 1145 | 253 | 22.1 | 1518 | 672 | 44.3 | 367 | 416 | 113.4 | 3645 | 917 | 25.2 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ड | | | | | | | | | | | | |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 8652 | 3700 | 42.8 | 9531 | 3829 | 40.2 | 521 | 2544 | 488.3 | 732 | 2424 | 331.1 |
| 29 | पुदुचेरी | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 165 | 44 | 26.7 |
| 30 | अंडमान निकोबार द्वीप समूह | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 0 | 0 | |
| | कुल | 241509 | 137251 | 56.8 | 247177 | 150214 | 60.8 | 38289 | 49563 | 129.4 | 97006 | 45612 | 47.0 |

| क्र.सं. | राज्य | वित्तीय वर्ष 22-23 | | | दिनांक 10.11.23 की स्थिति के अनुसार वित्तीय वर्ष 23-24 का अक्तूबर, 2023 तक विवरण (केबी) | | | संचयी योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रशिक्षित | नियोजित | नियोजन दर | प्रशिक्षित | नियोजित | नियोजन दर | प्रशिक्षित | नियोजित | नियोजन दर |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 18651 | 14441 | 77.4 | 12079 | 5007 | 41.5 | **78809** | **59449** | **75.4** |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 608 | 264 | 43.4 | 262 | 90 | 34.4 | **1215** | **458** | **37.7** |
| 3 | असम | 11891 | 6178 | 52.0 | 6168 | 3763 | 61.0 | **52296** | **35412** | **67.7** |
| 4 | बिहार | 11490 | 7861 | 68.4 | 4606 | 2878 | 62.5 | **50912** | **27706** | **54.4** |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 9725 | 8145 | 83.8 | 1643 | 1550 | 94.3 | **35980** | **22686** | **63.1** |
| 6 | गुजरात | 2912 | 1203 | 41.3 | 1890 | 1102 | 58.3 | **14146** | **7510** | **53.1** |
| 7 | हरियाणा | 5553 | 2645 | 47.6 | 5538 | 1602 | 28.9 | **16549** | **15482** | **93.6** |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 3967 | 2327 | 58.7 | 2867 | 1170 | 40.8 | **11993** | **5124** | **42.7** |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 5459 | 2428 | 44.5 | 738 | 606 | 82.1 | **26750** | **8089** | **30.2** |
| 10 | झारखंड | 10201 | 6983 | 68.5 | 6879 | 2815 | 40.9 | **44699** | **24840** | **55.6** |
| 11 | कर्नाटक | 3757 | 2526 | 67.2 | 2026 | 871 | 43.0 | **21686** | **18356** | **84.6** |
| 12 | केरल | 8370 | 5092 | 60.8 | 2895 | 1298 | 44.8 | **44085** | **28464** | **64.6** |
| 13 | मध्य प्रदेश | 15653 | 11742 | 75.0 | 7170 | 4419 | 61.6 | **50426** | **32898** | **65.2** |
| 14 | महाराष्ट्र | 5977 | 2481 | 41.5 | 1956 | 776 | 39.7 | **41997** | **25453** | **60.6** |
| 15 | मणिपुर | 1921 | 815 | 42.4 | 137 | 215 | 156.9 | **5585** | **2129** | **38.1** |
| 16 | मेघालय | 2165 | 1303 | 60.2 | 975 | 584 | 59.9 | **6026** | **3225** | **53.5** |
| 17 | मिजोरम | 344 | 319 | 92.7 | 481 | 105 | 21.8 | **1678** | **965** | **57.5** |
| 18 | नागालैंड | 2371 | 1466 | 61.8 | 1030 | 810 | 78.6 | **6152** | **3571** | **58.0** |
| 19 | ओडिशा | 16475 | 12110 | 73.5 | 2473 | 2420 | 97.9 | **122223** | **88931** | **72.8** |
| 20 | पंजाब | 8119 | 7714 | 95.0 | 8575 | 3656 | 42.6 | **31381** | **20243** | **64.5** |
| 21 | राजस्थान | 5924 | 5318 | 89.8 | 4011 | 1043 | 26.0 | **38759** | **19322** | **49.9** |
| 22 | सिक्किम | 859 | 328 | 38.2 | 706 | 188 | 26.6 | **2181** | **655** | **30.0** |
| 23 | तमिलनाडु | 15224 | 9079 | 59.6 | 8155 | 2919 | 35.8 | **44656** | **19734** | **44.2** |
| 24 | तेलंगाना | 4165 | 1230 | 29.5 | 25 | 71 | 284.0 | **36677** | **27674** | **75.5** |
| 25 | त्रिपुरा | 2244 | 1015 | 45.2 | 1515 | 398 | 26.3 | **8052** | **4821** | **59.9** |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 36503 | 18147 | 49.7 | 28200 | 6811 | 24.2 | **126320** | **44971** | **35.6** |
| 27 | उत्तराखंड | 8280 | 4590 | 55.4 | 3834 | 2342 | 61.1 | **18789** | **9190** | **48.9** |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 9239 | 4105 | 44.4 | 2874 | 2165 | 75.3 | **31549** | **18767** | **59.5** |
| 29 | पुडुचेरी* | 844 | 244 | 28.9 | 521 | 269 | 51.6 | **1530** | **557** | **36.4** |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह* | 133 | 37 | 27.8 | 325 | 115 | 35.4 | **458** | **152** | **33.2** |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | 229024 | 142136 | 62.1 | 120554 | 52058 | 43.2 | **973559** | **576834** | **59.3** |

i. – दर्शाता है कि इस वर्ष में यह कार्यक्रम शुरू नहीं हुआ।

ii. * दर्शाता है कि पुदुचेरी में वर्ष 2020-21 में और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में वर्ष 2021-22 में प्रशिक्षण कार्य शुरू हुआ, परन्तु उसी वर्ष के दौरान पूरा नहीं हुआ।

iii. कुछ राज्यों में, कुछ वर्षो में नियोजित अभ्यार्थियों की संख्या प्रशिक्षित अभ्यार्थियों की संख्या से अधिक है क्योंकि विगत्त वर्षो में प्रशिक्षित अभ्यार्थियों को भी नियोजित किया गया है।